# एस.ओ.जी. ने आर.पी.ए. से पांच ट्रेनी एस.आई. को हिरासत में लिया

- दिनेश और प्रियंका के पिता अफीम तस्कर भागीरथ विश्नोई ने गोपाल सारण को एसआई भर्ती पेपर के लिए 15 लाख रुपए दिए थे।
- गोपाल सारण ने अपने भाई भूपेंद्र सारण से पेपर लेकर परीक्षा से पहले जयपुर के हीरापुरा में प्रियंका को दिया था।

**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने एसआई भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में बुधवार को जयपुर में राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) पहुंचकर 5 ट्रेनी एसआई को हिरासत में लिया। एसओजी ने इनसे पूछताछ करने में जुटी है। पूछताछ के बाद उनकी गिरफ्तारी संभव है। मामले में अब तक 45 ट्रेनी एसआई की गिरफ्तारी हो चुकी है।

गौरतलब है कि दो दिन पहले रविवार को एसओजी ने आरपीए में ट्रेनिंग कर रहे दो ट्रेनी एसआई सगे भाई-बहन दिनेश (27) और प्रियंका (28) को गिरफ्तार किया था। इनसे पूछताछ में पता चला कि पेपर लीक से जुड़े और भी ट्रेनी एसआई ट्रेनिंग ले रहे हैं। पूछताछ में मिली जानकारी के बाद एसओजी ने जांच शुरू की। बुधवार सुबह 8 बजे एसओजी की टीम आरपीए स्थित ट्रेनिंग सेंटर पहुंची, जहां से 5 ट्रेनी एसआई को हिरासत में लेकर एसओजी मुख्यालय लाया गया है।

पेपर लीक केस में पकड़े गए दिनेश और प्रियंका के मामले में कई खुलासे हो चुके हैं। दिनेश और प्रियंका के पिता भागीरथ विश्नोई की मुलाकात साल 2021 में जोधपुर जेल में भूपेंद्र सारण के भाई गोपाल सारण और ओमप्रकाश फौजी से हुई थी। भागीरथ विश्नोई एनडीपीएस के एक केस में जेल गया हुआ था। इस दौरान गोपाल सारण ने भागीरथ विश्नोई को उसके बेटे-बेटी के लिए एसआई भर्ती का पेपर दिलाने की बात कही थी।

अफीम तस्कर भागीरथ विश्नोई ने गोपाल सारण को एसआई भर्ती पेपर के लिए 15 लाख रुपए दिए थे। गोपाल सारण ने अपने भाई भूपेंद्र सारण से पेपर लेकर परीक्षा से पहले जयपुर के हीरापुरा में प्रियंका को दिया था। दूसरी शिफ्ट का पेपर दिनेश के मोबाइल पर भेजा। जांच में पुष्टि होने के बाद एसओजी ने भागीरथ की गिरफ्तारी के लिए कई जगहों पर दबिश दी, लेकिन वह अभी फरार चल रहा हैं।

### अब तक 45 ट्रेनी एसआई गिरफ्तार

एसआई भर्ती 2021 में पेपर लीक के मामले में एसओजी अब तक 45 चयनित ट्रेनी एसआई और पेपर लीक गैंग से जुड़े 30 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। अभी भी कई ट्रेनी एसआई एसओजी के रडार पर चल रहे हैं। एसओजी ने इसी साल अप्रैल में पहली बार इस एग्जाम से जुड़े ट्रेनी एसआई की गिरफ्तारी की थी।

वहीं एसआई भर्ती 2021 धांधली मामले में डमी अभ्यर्थी बनकर बैठने वाली वर्षा बिश्नोई को सोमवार सुबह जोधपुर रेंज की टीम ने कोटा से गिरफ्तार किया था। जो काफी समय से स्टूडेंट बनकर फरारी काट रही थी। अब एसओजी वर्षा बिश्नोई से पूछताछ करेगी। वर्षा जालोर के सांचौर के सरनाऊ गांव की रहने वाली है।

भूपेंद्र सारण साल 2011 में जीएनएम भर्ती पेपर आउट प्रकरण और वर्ष 2022 में पुलिस कांस्टेबल भर्ती पेपर लीक मामले में भी शामिल था। वह फिलहाल जेल में है। एटीएस एसओजी ने सीनियर टीचर भर्ती पेपर लीक मामले में भूपेंद्र सारण को बेंगलुरु एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। वहीं एसआई भर्ती पेपर लीक मामले में राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य रामू राम राईका, उसके बेटे देवेश राईका और बेटी शोभा राईका की भी गिरफ्तारी हुई है।

रामूराम राईका ने अपने बेटे-बेटी के लिए एसआई परीक्षा से 6 दिन पहले ही पेपर की व्यवस्था कर दी थी। रामूराम जानता था कि बेटे-बेटी पेपर को भी एक-दो दिन में पढ़कर पास नहीं कर सकते। इसलिए छह दिन तक दोनों बच्चों को पेपर की तैयारी कराई गई। राईका ने पूछताछ में बताया था कि उसे पेपर तत्कालीन आरपीएससी मेंबर बाबूलाल कटारा से मिला था।

इसके बाद निलंबित मेंबर कटारा को भी जयपुर सेंट्रल जेल से प्रोडेक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर लिया गया। जब देवेश और शोभा से एसओजी ने पूछताछ की तो उन्होंने बताया था कि ट्रेनिंग सेंटर में और भी एसआई हैं, जो पेपर लीक से जुड़े हैं। इसके बाद दिनेश और प्रियंका की गिरफ्तारी हुई थी।

### एसओजी को देख पसीने छूटने लगे

एसओजी एएसपी रामसिंह ने बताया कि दिनेश और प्रियंका से इनपुट मिलने के बाद टीम ट्रेनिंग सेंटर पहुंची। जिन पांच ट्रेनी एसआई के नाम सामने आए थे, वे पांचों सेमिनार हॉल में थे। इन्हें हॉल से बाहर बुलाया गया। जैसे ही उनको पता चला कि एसओजी की टीम पूछताछ के लिए आई है तो इनके पसीने छूटने लगे। इसके बाद इनसे हॉल के बाहर ही पूछताछ की गई और फिर इन्हें साथ लेकर एसओजी मुख्यालय आ गई। उन्होंने बताया कि अभी पांचों हिरासत में है और कभी भी इनकी गिरफ्तारी हो सकती है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में तीसरी बार हरियाणा में भाजपा की सरकार बनने पर हरियाणा भाजपा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया को जयपुर आवास पर प्रदेशभर से आये पार्टी कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों ने बधाई दी। पूनिया को उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा, कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर, सुमित गोदारा, सांसद लुंबाराम चौधरी, विधायक हमीर सिंह भायल, शोभा चौहान, माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक, पूर्व विधायक बिहारी लाल बिश्नोई, निर्मल कुमावत, रूपाराम मुरावतिया, भाजपा राजस्थान प्रवासी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजू मंगोड़ीवाला, जयपुर पूर्व मेयर पंकज जोशी, भाजपा ओबीसी मोर्चा जयपुर जिला अध्यक्ष चेतन कुमावत, भाजपा प्रदेश पैनलिस्ट राखी राठौड़, मनीष पारीक, सुरेश गर्ग, अशोक शेखावत, भाजपा जयपुर देहात उत्तर जिला अध्यक्ष श्याम शर्मा सहित प्रदेश भर से पधारे पार्टी कार्यकर्ताओं, सांसद, विधायकों ने हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## डमी कैंडिडेट बनकर परीक्षा देने वाले सरकारी कर्मचारी को बर्खास्त किया

**जयपुर।** सरकारी सेवा में रहते डमी कैंडिडेट बन कर परीक्षा देने वाले एक सरकारी कर्मचारी को सेवा से बर्खास्त कर दिया हैं। आरोपित ने कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में पैसा लेकर एक अभ्यर्थी के जगह पर परीक्षा दी थी।

स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) के एडीजी वीके सिंह ने बताया कि राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2019 में डमी अभ्यर्थी बैठाने के सम्बन्ध में वर्ष 2020 में एक एफआईआर दर्ज हुई थी।

जिस में अभ्यर्थी नीरज कुमार जाट पुत्र प्रकाश चन्द निवासी नंगला देशवाल, पोस्ट जाटोली थून, थाना डीग, भरतपुर रोल नम्बर 219204254 जिसका परीक्षा केन्द्र मूर्ति देवी पी जी कॉलेज, अनाज मंडी के पास अलवर बाईपास रोड बानसूर में आया था। 6 नवम्बर 2020 को नीरज कुमार जाट के स्थान पर लोकेश कुमार मीना, पर्यवेक्षक (परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी) बसेडी, जिला धौलपुर डमी परीक्षार्थी के रूप बैठ कर परीक्षा देते हुए पकड़ा गया। जिसे गिरफ्तार किया गया। बाद में उसे निलम्बित कर दिया गया था।

लोकेश कुमार मीना के खिलाफ एसओजी ने एक गलत आचरण की रिपोर्ट विभाग को भिजवाई। लोकेश कुमार मीना को आपराधिक प्रकरण में शामिल पाए जाने एवं चालान पेश होने के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त ने उसे राजकीय सेवा से तुरन्त प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है। एसओजी द्वारा डमी परीक्षा देने वाले एवं पेपर लीक गैंग के सहयोगी राजकीय कर्मी के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की दिन प्रतिदिन स्तर पर मॉनिटरिंग जारी है।

## दवा व्यापारियों से भाजपा में जुड़ने का आव्हान किया

**जयपुर।** भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत जयपुर के फिल्म कॉलोनी में सदस्यता अभियान शिविर लगाया गया। जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने फिल्म कॉलोनी दवा व्यापारियों से भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने का आव्हान किया। अभियान जिला संयोजक शैलेंद्र भार्गव ने कहा कि इसमें एक हजार से अधिक लोगों को सदस्यत बनाया गया। अभियान के दौरान किशनपोल विधानसभा प्रत्याशी चंद्र मोहन बटवाड़ा, हेरिटेज महापौर कुसुम यादव, जयपुर जिला सदस्यता प्रभारी बीपी सारस्वत एवं केमिस्ट एसोसिएशन के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। भार्गव ने केमिस्ट समुदाय से सदस्य संख्या कम से कम 5000 करने का आव्हान किया।

## हाऊसिंग बोर्ड ने ई-नीलामी से बेचीं 246 संपत्तियां



आवासन आयुक्त डॉ.रश्मि शर्मा

- बुधवार नीलामी उत्सव में दिखा आमजन का उत्साह : डॉ. रश्मि शर्मा
- 'इन आवास, फ्लैट्स और भूखंडों में 10 फीसदी भुगतान देकर गृह प्रवेश किया जा सकेगा'

**जयपुर।** अपने घर का सपना संजोने वाले लोगों को राजस्थान आवासन मण्डल की ओर से बेहतरीन सौगात दी गई है। समाज के हर वर्ग की आर्थिक स्थिति को देखते हुए आवासन मण्डल की ओर से शुरू किए गए बुधवार नीलामी उत्सव को लेकर आमजन में काफी उत्साह देखने को मिला।

आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि आवासन मण्डल की ओर से 9 अक्टूबर को आयोजित किए गए बुधवार नीलामी उत्सव में कुल 246 आवासीय सम्पत्तियों का निस्तारण किया गया। जिसके तहत जयपुर वृत्त प्रथम में 45, जयपुर वृत्त द्वितीय में 1, जयपुर वृत्त तृतीय में 119 जोधपुर वृत्त प्रथम में 51, जोधपुर वृत्त द्वितीय में 23, उदयपुर वृत्त में 6 और अलवर वृत्त में 1 आवासीय सम्पत्तियां शामिल हैं। जिस से मण्डल लगभग 60 करोड़ का राजस्व अर्जित करेगा । इसी कड़ी में कुल 50 व्यावस्यिक संपत्तिया इस बुधवार नीलामी में निस्तारित की गई जिसमे जयपुर वृत्त द्वितीय में 14 भूखंड एवं कोटा वृत्त में 35 भूखंड तथा अलवर वृत्त में 1 निर्मित दुकान शामिल है। जिस से लगभग 6.5 करोड़ का राजस्व मण्डल अर्जित करेगा ।

आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि मंडल की ओर से 50 फीसदी तक की छूट के साथ उपलब्ध करवाए जा रहे इन आवास, फ्लैट्स और भूखंडों में 10 फीसदी भुगतान देकर गृह प्रवेश किया जा सकेगा। जबकि बाकी भुगतान 156 आसान मासिक किश्तों में किया जा सकेगा। इस योजना में आवेदन के लिए ई-मित्र पर 100 रुपए का शुल्क देकर ई-बिड सबमिशन में भाग लिया जा सकता है। इसके अलावा ऑनलाइन प्रस्ताव देने के लिए आवासन मंडल की वेबसाइट पर पूरी जानकारी उपलब्ध करवा दी गई है।

## जितेंद्र गोठवाल का स्वागत

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल के जन्मदिवस पर भाजपा प्रदेश कार्यालय उनका भव्य स्वागत किया गया। खंडार से जयपुर कार्यालय आते समय रास्ते में कार्यकर्ताओं ने जितेंद्र गोठवाल का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाकर बधाई दी। भाजपा कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने बताया कि भाजपा कार्यालय में महामंत्री जितेंद्र गोठवाल को दुपट्टा पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी। भाजपा कार्यालय में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने जितेंद्र गोठवाल को पुष्प मालाएं पहनाई। इस दौरान कार्यालय सह प्रभारी भवानी शंकर शर्मा, रजनीश चनाना के साथ सुरेश गर्ग, खेमचंद शर्मा, भवानी सिंह, कालू मीणा सहित कई कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दी।

## कॉन्गो फीवर को लेकर प्रदेशभर में सतर्कता बरतने के निर्देश

**जयपुर ।** प्रदेश में कॉन्गो फीवर से एक मौत की पुष्टि होने के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेशभर में इस बीमारी की रोकथाम एवं बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अहमदाबाद के एनएचएल म्यूनिसिपल मेडिकल कॉलेज में उपचाराधीन कॉन्गो फीवर से पीड़ित जोधपुर निवासी 51 वर्षीय महिला की बुधवार को मौत हो गई। नेशनल इंस्टीट्यूट आफ वायरोलॉजी, पुणे में हुई जांच में महिला का सैंपल पॉजिटिव पाया गया।

निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि जोधपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को प्रभावित क्षेत्र में रेपिड रेस्पॉन्स टीम भेजकर संक्रमण की रोकथाम के लिए निर्देश दिए गए हैं।

साथ ही, क्षेत्र में संदिग्ध एवं सिम्पटोमेटिक रोगियों की ट्रेसिंग कर उन्हें आइसोलेशन में रखने को कहा गया है। डॉ. माथुर ने बताया कि कॉन्गो फीवर एक जूनोटिक वायरल डिजीज है, जो टिक (पिस्सू) के काटने से होती है। इसे देखते हुए पशुपालन विभाग को इस बीमारी से बचाव एवं रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा गया है।

## प्रज्ञा ने शुरू किया योग केन्द्र

**जयपुर।** नवरात्रि पर धावास इलाके में जगदम्बा नगर स्थित शिव शक्ति योग केंद्र का उद्घाटन बुधवार को जयपुर की पूर्व महापौर एवं वरिष्ठ पार्षद शील धाबाई ने किया। इस कार्यक्रम की आयोजक प्रज्ञा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुईं शील धाबाई को एक छोटी कन्या यशिका के हाथों तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। प्रज्ञा ने बताया कि आज उनके जन्म दिवस पर नए योग केंद्र का शुरू होना उनके लिए बहुत ही खुशी का पल है।

## युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**जयपुर ।** मानसरोवर थाना इलाके में एक बदमाश ने युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायल युवक का अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने पीड़ित के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार अशोक वाटिका सांगानेर निवासी ललित आर्य ने मामला दर्ज करवाया कि वह किसी काम से मानसरोवर आया था। यहां पर अंकुश मीणा ने उस पर चाकू से हमला कर दिया।

## 'सरस' राष्ट्रीय स्तर पर दर्ज करवायेगा अपनी मौजूदगी

- केन्द्रीय पशुपालन राज्यमंत्री डॉ. बघेल ने दिया विस्तार में सहयोग का भरोसा

**जयपुर ।** राजस्थान में सहकारी क्षेत्र का प्रतिष्ठित सरस मिल्क ब्राण्ड अब दिल्ली, एनसीआर और उत्तर प्रदेश में भी अपनी मौजूदगी दर्ज करायेगा। भारत सरकार ने राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन के दिल्ली, एनसीआर और उत्तर प्रदेश में विस्तार कार्यक्रमों के लिये हर संभव सहायोग का आश्वासन दिया है। यह आश्वासन आज यहा दो दिवसीय राजकीय दौरे पर आये केन्द्रीय पशुपालन राज्यमंत्री डॉ0 एस0पी0 सिंह बघेल ने दिया। राजस्थान में डेयरी विकास के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में डेयरी विकास की अपार संभावनाऐं हैं और भारत सरकार इस क्षेत्र में राज्य सरकार और आरसीडीएफ को हर संभव मदद मुहैया करायेगी।

इस अवसर पर राज्य के पशुपालन, देवस्थान और गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत और डेयरी और ग्रह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने उन्हें बताया कि राईजिंग राजस्थान के दौरान डेयरी के क्षेत्र में 500 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा। राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने आरसीडीएफ एवं जिला दुग्ध संघों की भौतिक एवं आर्थिक गतिविविधयों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरसीडीएफ द्वारा गत वित्तीय वर्ष में रिकार्ड लाभ अर्जित किया है। उन्होंने आरसीडीएफ द्वारा दिल्ली एनसीआर और उत्तर प्रदेश में प्रस्तावित विस्तार, एक्सपोर्ट, नवाचार, नये सरस उत्पाद जैसे कोल्ड कोफी और डाईट आधारित उत्पाद आदि की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर केन्द्रीय पशुपालन मंत्री बघेल ने आरसीडीएफ के सरस दीवाली गिफट हैंड पैक को भी लॉन्च किया। दीवाली गिफ्ट पैक में सरस उत्पादों की उच्च गुणवत्ता की तारीफ करते हुए उन्होंने आरसीडीएफ द्वारा दीवाली जैसे बड़े त्यौहार के मौके पर आम उपभोक्ताओं को स्वादिष्ट एवं स्वास्थवर्धक मिठाईयां उपलब्ध कराने के प्रयास की जमकर तारीफ की।

## पूर्व मंत्री कालीचरण सराफ हुए कोर्ट में हाजिर

**जयपुर।** शहर के बापूनगर के जनता स्टोर पर 24 साल पहले नगर निगम की कार्रवाई के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट के हाथ से कागज फाडने और राजकार्य में बाधा डालने से जुडे मामले में पूर्व मंत्री कालीचरण सराफ बुधवार को साम्प्रदायिक दंगा मामलों की विशेष अदालत में पेश हुए। गत सुनवाई को अदालत ने आरोपी सराफ, पूर्व पार्षद इन्द्र संघी, धर्मदास मोटवानी और बंसत चौधरी को पेश होने को कहा था। इस आदेश के पालन में ही सराफ अपने अधिवक्ता के साथ कोर्ट में उपस्थित हुए। कोर्ट ने अब मामले की सुनवाई 5 नवंबर तय की है। यह मामला फिलहाल साक्ष्यों को रिकार्ड पर लेने के स्तर पर चल रहा है। मामले के अनुसार 20 नवंबर 2000 को नगर निगम की चालान काटने की कार्रवाई को लेकर विवाद हो गया था। जिस पर तत्कालीन न्यायिक मजिस्ट्रेट-19 ने साल 2002 में सीजेएम कोर्ट में परिवाद दायर किया था। इसमें आरोप लगाया था कि कार्रवाई के दौरान आरोपियों ने उनके हाथ से सरकारी कागज को फाडा और राजकार्य में बाधा पैदा की गई। इसलिए आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। वहीं आरोपी पक्ष का कहना है कि नगर पालिका अधिनियम की धारा 265 के तहत केवल जयपुर नगर निगम के बोर्ड को ही अभियोजन की मंजूरी देने व चालान काटने का अधिकार है।

## सेवा बस्तियों में संचालित प्रकल्पों का वार्षिकोत्सव 12 को

**जयपुर।** सेवा भारती, जयपुर महानगर की सेवा बस्तियों में संचालित प्रकल्पों का वार्षिकोत्सव 12 अक्टूबर को वैशालीनगर स्थित श्री खंडेलवाल वैश्य महिला महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सरकार्यवाह सुरेश भैय्याजी जोशी के सान्निध्य में आयोजित वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि कोगटा फाउण्डेशन के ट्रस्टी राधाकृष्ण कोगटा होंगे। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी ओमप्रकाश अग्रवाल होंगे। अध्यक्षता जे.के.डी. बिल्डर्स ग्रुप के चैयरमेन जुगल किशोर डेरावाला करेंगे। वार्षिकोत्सव में 170 सेवा बस्तियों के बच्चे सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे।

## रेजीडेंट डॉक्टर्स भूख हड़ताल पर बैठे

### कलकत्ता के आरजी.कर. मेडिकल कॉलेज में रेजीडेंट महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के मामले को लेकर डॉक्टर्स ने विरोध-प्रर्दशन किया

**जयपुर ।** पश्चिम बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में रेजीडेंट महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के मामले को लेकर बीते दो महीने से लगातार विरोध जारी है। जिसके तहत पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए एक बार फिर से देश भर के रेजीडेंट चिकित्सक आंदोलन कर रहे हैं। इसी कड़ी में जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजीडेंट डॉक्टर्स एसएमएस मेडिकल कॉलेज में भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं।

एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. मनोहर सियोल का कहना है कि पश्चिम बंगाल की घटना को बीते दो महीने हो चुके हैं, लेकिन अभी भी पीड़िता को न्याय नहीं मिल पाया है। जिसके बाद पूरे देश के चिकित्सा वर्ग में रोष व्याप्त है। ऐसे में देशभर में इस घटना का विरोध लगातार जारी है। अलग-अलग स्थानों पर भूख हड़ताल की जा रही है। जिसके तहत एसएमएस मेडिकल कॉलेज में भी रेजीडेंट चिकित्सक भूख हड़ताल पर बैठे हैं। बुधवार को डॉ. मनोहर सियोल, डॉ. सुधांसु सारंण, कविता सिंघल और डॉ. मनीष भूख हड़ताल पर बैठे। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि पीड़िता को न्याय मिले और चिकित्सकों को सुरक्षा ताकि भविष्य में इस तरह का घटनाक्रम दोबारा न हो सके। इसके साथ ही रेजीडेंट चिकित्सकों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि जब तक आरोपियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होगी और पीड़िता को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक आंदोलन लगातार जारी रहेगा।



कलकत्ता में रेजीडेंट महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के मामले को लेकर बुधवार को सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर में रेजीडेंट्स ने भूख हड़ताल पर बैठकर न्याय की मांग की।

सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज से अटेच अस्पतालों में कार्य कर रहे रेजीडेंट हड़ताल रहे। यह हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। दरअसल रेजीडेंट चिकित्सकों ने सरकार पर वादाखिलाफी के आरोप लगाए हैं। जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजीडेंट डॉक्टर्स के प्रेसीडेंट डॉ. मनोहर सियोल का कहना है कि कोलकाता में एक महिला रेजिडेंट डॉक्टर के साथ हुए जघन्य अपराध के विरोध में हड़ताल की गई थी और सरकार से मांग रखी गई थी कि राजस्थान के मेडिकल कॉलेजों में सुरक्षा व अस्पताल में सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इसके बाद सरकार ने आश्वासन दिया था कि रेजीडेंट चिकित्सकों की मांगों को एक माह में पूरा किया जाएगा। लेकिन अभी तक सरकार ने मांगों को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। चिकित्सकों के प्रति प्रशासन का उदासीन रवैया और बार-बार अनुरोध करने के बावजूद लंबित मांगों की अनदेखी से आहत होकर एसएमएस मेडिकल कॉलेज की जीबीएम में रेजीडेंट डॉक्टर कड़ा निर्णय लेने को बाध्य हुए हैं।

## सहकारी बैंकों में 450 पदों पर भर्ती शीघ्र

**जयपुर।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बुधवार को बताया कि प्रदेष के 29 जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों तथा राजस्थान राज्य सहकारी बैंक में बैंकिंग सहायक, प्रबंधक, वरिष्ठ प्रबंधक एवं कम्पयूटर प्रोगामर के पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया शीघ्र प्रारम्भ की जायेगी। उन्होंने बताया कि सहकारी बैंकों में कार्य निष्पादन में जवाबदेही सुनिष्चित करने के लिये रिक्त पदों पर भर्ती की जायेगी। दक ने बताया कि ग्राम सेवा सहकारी समितियों एवं लैम्पस में कार्यरत व्यवस्थापकों के लिये जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों में बैंकिंग सहायक के पदों में 20 प्रतिषत पद आरक्षित किये गये हैं ताकि जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे व्यवस्थापकों के कार्य अनुभव का लाभ लिया जा सके। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय सहकारी बैंकों में पैक्स व्यवस्थापक से बैंकिंग सहायक के पद पर चयन हेतु नियम जारी कर दिये गये हैं। सहकारिता राज्य मंत्री ने कहा कि जिला सहकारी बैंकों में 299 पदों पर बैंकिंग सहायक, 92 पदों पर प्रबंधक तथा 7 पदों पर कम्प्यूटर प्रोग्रामार की भर्ती के प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। राजस्थान राज्य सहकारी बैंक में 46 पदों पर बैंकिंग सहायक, 7 पदों पर प्रबंधक, 5 पदों पर वरिष्ठ प्रबंधक के प्रस्ताव प्राप्त हो चुके है।

## कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने भाजपा का सदस्य बनने की अपील की

- 'भाजपा सदस्यता अभियान ने नया इतिहास रचा, मात्र 30 दिन में ही 8 करोड़ से अधिक लोग पार्टी के सदस्य बने'

**जयपुर।** कैबिनेट मंत्री और झोटवाड़ा से लोकप्रिय भाजपा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायी नेतृत्व और केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी कुशल मार्गदर्शन में विकसित भारत और राजस्थान के स्वर्णिम विकास के लिए भाजपा का सदस्य बनने की अपील की है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि भाजपा के सदस्यता अभियान ने नया इतिहास रचा है। मात्र 30 दिन में ही 8 करोड़ से अधिक लोग पार्टी के सदस्य बने हैं। राठौड़ ने कहा, 8800002024 पर मिस्ड कॉल या नमो ऐप के माध्यम से बीजेपी परिवार से जुड़कर आत्मनिर्भर-विकसित भारत के सकंल्प को पूरा करने में अपना योगदान सुनिश्चित करें। राठौड़ ने कहा, अन्य राजनीतिक दलों में किसी खास परिवार या विशेष जाति का व्यक्ति ही पार्टी का अध्यक्ष बन सकता है, लेकिन भाजपा में एक गरीब घर से आने वाला साधारण व्यक्ति भी देश का प्रधानमंत्री और पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। भारतीय जनता पार्टी देश की एकमात्र पार्टी है, जहां प्रधानमंत्री से लेकर केंद्रीय मंत्री तक, राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर प्रदेश अध्यक्ष तक और जिलाध्यक्ष से लेकर मण्डल अध्यक्ष तक, पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को 6 वर्ष बाद अपनी सदस्यता का नवीनीकरण करवाना होता है। भारतीय जनता पार्टी गांव, गरीब, वंचित, दलित, शोषित, किसान, युवा, महिला सशक्तिकरण की पार्टी है। हमारे कार्यकर्ता सरकार और संगठन के बीच कड़ी का काम करते हैं।

## संस्कृत विवि. में अवकाश 25 से

**जयपुर, (कासं)।** जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में दीपावली की छुट्टियां 25 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 3 नवंबर तक होगी। कुलसचिव खेमाराम यादव ने बताया कि इस दौरान विश्वविद्यालय में सभी शैक्षिणक विभाग एवं अशैक्षिणक कार्यालय बंद रहेंगे। कुलसचिव ने बताया कि दशहरा अवकाश 10 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक रहेगा।

## दुबई से लौटे यात्री में मंकी पॉक्स की पुष्टि नहीं हुई

**जयपुर।** दुबई से जयपुर लौटे यात्री के जांच में मंकी पॉक्स नहीं होने की पुष्टि हुई है। बुधवार को आई जांच रिपोर्ट में यात्री को मंकी पॉक्स की बीमारी नहीं पाई गई। बल्कि, यात्री को चिकन पॉक्स की समस्या है। ऐसे में मेडिकल स्टाफ ने सभी रिपोर्ट सामान्य आने के बाद उसे डिस्चार्ज कर दिया है।

दरअसल, मंगलवार को स्पाइसजेट के विमान से एक यात्री दुबई से जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचा था। जहां उसका स्वास्थ्य खराब होने के बाद शुरुआती जांच में यात्री में मंकी पॉक्स के लक्षण पाए गए। ऐसे में वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन की गाइडलाइन को देखते हुए एयरपोर्ट अथॉरिटी ने इसकी जानकारी मेडिकल डिपार्टमेंट को दी। इसके बाद मरीज को एयरपोर्ट से सीधा आरयूएचएस हॉस्पिटल भेजा गया। जहां मरीज को हॉस्पिटल में एडमिट कर उनकी जांच करवाई गई थी। इसके बाद बुधवार को आई जांच के बाद ही पता चला की यात्री को मंकी पॉक्स नहीं बल्कि, चिकन पॉक्स से ग्रसित था। हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉक्टर अजीत सिंह ने बताया कि मंकी पॉक्स को लेकर हॉस्पिटल में विशेष व्यवस्था की गई है। एक पूरा फ्लोर सिर्फ मंकी पॉक्स से ग्रसित मरीजों के इलाज के लिए रखा गया है। एयरपोर्ट से आए संदिग्ध मरीज की भी जांच करवाई गई थी। जिसकी रिपोर्ट में मंकी पॉक्स के लक्षण नहीं आने के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया है।